प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा के पहले चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरु, 25 अक्टूबर तक ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में दाखिल किए जा सकेंगे पर्चे।
2. एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग फॉर्मूले की हुई घोषणा, भाजपा 68, आजसू पार्टी 10, जदयू 2 और लोजपा 1 सीट पर लड़ेगी चुनाव।
3. राज्य में शांतिपूर्ण और भयमुक्त चुनाव कराने के लिए उठाए जा रहे ठोस कदम, संगीन अपराधों में तीन बार से अधिक जेल जा चुके अपराधी होंगे जिला बदर, वारंटियों की भी होगी गिरफ्तारी।
4. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से झारखंड चैंबर्स के सदस्यों ने की मुलाकात, राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था और नए उद्योगों को आसानी से जमीन उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का किया आग्रह।

*****************

झारखंड विधानसभा के पहले चरण में 43 सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरु हो गई है। इन सभी सीटों के लिए पच्चीस अक्टूबर तक पर्चे दाखिल किए जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि इस बार ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन नामांकन करने की भी सुविधा प्रत्याशियों के लिए उपलब्ध कराई गई है। नामांकन पत्रों की जांच अठाइस अक्टूबर को होगी, जबकि नामंकन पत्र वापस लेने की अंतिम तारीख तीस अक्टूबर है। इन सीटों के लिए तेरह नवंबर को मतदान होगा। वहीं, नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करना होगा।

इधर, रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त ने जिले के तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर विधानसभा सीट के लिए पहले चरण में होने वाले चुनाव की तैयारियों की जानकारी दी।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। रांची में आज एनडीए घटक दलों की संयुक्त प्रेस वार्ता में इसकी घोषणा की गयी। भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि भाजपा 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि आजसू पार्टी 10 सीटों सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, ईचागढ़, मांडू, जुगसलाई, डुमरी, पाकुड़, लोहरदगा और मनोहरपुर में अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। जदयू के कोटे में जमशेदपुर पश्चिमी और तमाड़ सीट गयी है। लोजपा को चतरा सीट दी गयी है। प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रदेश सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो भी मौजूद थे।

*****************

इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग के मुद्दे को लेकर आज रांची में घटक दलों की बैठक हो रही है। मुख्यमंत्री आवास में हो रही इस बैठक में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और राजद नेता तेजस्वी यादव के अलावा वामदल के भी कई नेता शामिल हैं। सीट शेयरिंग तय होने के बाद सभी घटक दलों द्वारा अपने–अपने प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी।

*****************

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य में भयमुक्त और हिंसारहित चुनाव कराने के लिए अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरु कर दी है। इस सिलसिले में सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों द्वारा संगीन आपराधिक मामलों में तीन बार से अधिक जेल जा चुके अपराधियों को जिला बदर करने की अनुशंसा की जाएगी। इस सिलसिले में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने सभी थाना प्रभारियों को तीन दिनों के अंदर वैसे अपराधियों की सूची उपलब्ध कराने का कहा है। इसके साथ उन्होंने वारंटियों को गिरफ्तार करने तथा जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों की निगरानी करने का भी निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया है।

*****************

जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता और विधायक सरयू राय ने कहा है कि राज्य में इस बार एनडीए की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि वे चौबीस अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

*****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व नेता और मंत्री रह चुके दुलाल भुइयां ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर झारखंड के शहीदों को सम्मान नहीं देने का आरोप लगाया है। उन्होंने धनबाद में एक कार्यक्रम में कहा कि जो झारखंड के शहीदों को सम्मान देगा, वही झारखंड का मुख्यमंत्री बनेगा।

*****************

पूर्व केंद्रीय मंत्री और अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा ने कहा है कि झारखंड में चुनाव गठबंधन के बीच हो रही है। इस वजह से टिकट के दावेदारों के लिए कोई विशेष विकल्प नहीं है। ऐसे में अटल विचार मंच तीसरे विकल्प के तौर पर उभर सकता है।

*****************

सरायकेला़ जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी हैं।

*****************

विधानसभा चुनाव के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता से संबंधित कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से दो दिवसीय आर्ट–81 महोत्सव का आयोजन आज से हो रहा है । राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में स्वीप के तहत होने वाले इस महोत्सव में देश के 81 कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से झारखंड चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स के सदस्यों ने मुलाकात कर राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्यपाल से नए उद्योगों के लिए जमीन की सहज उपलब्धता, रुग्ण उद्योगों का पुनरुद्धार, उच्च एवं तकनीकी संस्थानों की स्थापना तथा ड्रग्स तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने की दिशा में भी उचित कदम उठाने का आग्रह किया।

*****************

जमशेदपुर में विधानसभा चुनाव के प्रति मतदाताओं को जागरुक करने के लिए छह जागरुकता रथ को जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त अनन्य मित्तल ने रवींद्र भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने निर्वाचन साक्षरता क्लब की कार्यशाला को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का मकसद वोट प्रतिशत को बढ़ाना और मतदाताओं को नैतिक मतदान के प्रति प्रेरित करना है।

*****************

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए ने यूजीसी नेट का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में लगभग पच्चीस प्रतिशत परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। इसमें जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए चार हजार नौ सौ सत्तर, पीएचडी के लिए एक लाख तेरह हजार तथा असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए लगभग तिरपन हजार नौ अभ्यर्थी शामिल हैं। नेट के लिए इस बार छह लाख चौरासी हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी।

*************